# मवाना मैराथन में हिस्सा लेंगे रिकार्ड 12000 एथलीट

नई दिल्ली। देश की प्रतिष्ठित मवाना शुगर्स इंडिया ओपन मैराथन का आयोजन यहां एतिहासिक इंडिया गेट से 17 फरवरी को किया जाएगा जिसमें इस बार रिकार्ड 12000 एथलीट लेंगे। मवाना शुगर्स लिमिटेड के अधयक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि 42.165 किलोमीटर की पूर्ण मैराथन 17 फरवरी को इंडिया गेट से शुरू होगी और राजधानी के कई महत्वपूर्ण स्थानों से गुजरते हुए वापस इंडिया गेट पर ही समाप्त होगी।